# INTERMEDIATE EXAMINATION – 2024 (ANNUAL)

**Sub. Code – 110/210/310/506**

**Model Set**

**PRAKRIT (प्राकृत)**

**I.A., I.Sc., I.Com & Voc.**

**समयः 3 घंटे 15 मिनट** **पूर्णांक–100**

**Time : 3 Hrs. 15 Minutes** **Full Marks : 100**

***परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–***

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में है, खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।
6. खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गये OMR उत्तर पत्रक में दिये गये सही विकल्प को काले/नीले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का OMR उत्तर पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।



BiharboardQuestionpaper.com

7. खण्ड–ब में कुल 1 से 30 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है, जिनमें से किन्हीं 15 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त इस खंड में 31 से 38 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गए हैं। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित है, जिनमें से किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

## खण्ड–अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के उत्तर अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR उत्तर पत्रक में दिए गए सही वृत को नीले/काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। ***50x1=50***

1. अयोध्या के युवराज कौन थे ?

(A) दशरथ (B) भरत

(C) राम (D) लक्ष्मण

2. अयोध्या के राजा का क्या नाम था ?

(A) राजा जनक (B) विश्वामित्र

(C) विभीषण (D) दशरथ

3. राम धनुष यज्ञ में भाग लेने कहाँ गये थे ?

(A) अयोध्या (B) बक्सर

(C) जनकपुर (D) काशी



BiharboardQuestionpaper.com

4. विश्वामित्र मुनि के यज्ञ मे कहाँ अवरोध हो रहा था ?

(A) बक्सर में
(B) अयोध्या में
(C) जनकपुर में
(D) इनमें से कोई नहीं

5. विश्वामित्र मुनि यज्ञ की सफलता के लिए किससे राम और लक्ष्मण को माँगे ?

(A) राजा दशरथ से
(B) जनक से
(C) कौशल्या से
(D) इनमें से कोई नहीं

6. राम की माता कौन थीं ?

(A) कैकेयी
(B) सुमित्रा
(C) कौशल्या
(D) यशोदा

7. राम का वनवास कितने वर्षों के लिए हुआ था ?

(A) 10 वर्षों के लिए
(B) 12 वर्षों के लिए
(C) 14 वर्षों के लिए
(D) 16 वर्षों के लिए

8. राम सीता और लक्ष्मण के साथ महावन में किस ऋतु में गये ?

(A) ग्रीष्म
(B) वर्षा
(C) शरद्
(D) वसन्त

9. सीता के कुटिया के पास किस प्रकार का जानवर खड़ा था ?

(A) ऐरावत हाथी
(B) शेर
(C) कंचन मृग
(D) मन मोहनी मोर

10. सीता अपने कुटिया के सामने किस वेष में रावण को देखीं ?

(A) सेना के वेष में
(B) राजा के वेष में



BiharboardQuestionpaper.com

(C) साधु के वेष में (D) इनमें से कोई नहीं

11. रावण सीता को रथ से किस पर्वत के मार्ग से ले जा रहा था ?

(A) हिमालय (B) मंदार

(C) विन्ध्य (D) बराबर

12. जटायु का युद्ध किसके साथ हुआ था ?

(A) जामवंत के साथ (B) रावण के साथ

(C) विभीषण के साथ (D) इनमें से कोई नहीं

13. जटायु किसके लिए युद्ध किया था ?

(A) अपने लिए (B) सीता के लिए

(C) अपने भाई के लिए (D) इनमें से कोई नहीं

14. जटायु हनुमान से क्या कहते हैं ?

(A) सीता मारी गयी (B) सीता को रावण लंका ले गया

(C) दोनों (A) तथा (B) (D) इनमें से कोई नहीं

15. सीता को रावण चुराकर लंका नगरी में ले गया है, राम से किसने कहा ?

(A) विभीषण ने (B) हनुमान ने

(C) जटायु ने (D) जामवंत ने

16. जटायु को रावण के साथ युद्ध करने से क्या क्षति हुई ?

(A) पैर कट गए (B) आँख का अंधा हो गया

(C) पंख कट गये (D) इनमें से कोई नहीं

17. हनुमान (रामदूत) के स्पर्श से जटायु को क्या लाभ मिला ?

(A) पैर उग गये (B) आँख से दिखाई देने लगा



BiharboardQuestionpaper.com

(C) पंख उग गये (D) इनमें से कोई नहीं

18. रावण के साथ राम का युद्ध कहाँ हुआ था ?

(A) अयोध्या में (B) किष्किंधा में

(C) लंका में (D) वर्मा में

19. लंका में आग किसने लगायी ?

(A) रावण ने (B) राम ने

(C) लक्ष्मण ने (D) हनुमान ने

20. राम–रावण युद्ध में किसकी मृत्यु हो गयी ?

(A) हनुमान की (B) रावण की

(C) कुम्भकरण की (D) सीता की

21. 'बुद्धिमंतो सियालो' नामक पाठ किस ग्रन्थ के कथा पर आधारित है ?

(A) वसुदेवहिण्डी (B) पंचतंत्र

(C) श्रेणिक चरित (D) परमात्म प्रकाश

22. वन में मृत हाथी को सबसे पहले कौन देखा ?

(A) बाघ (B) हिरण

(C) शेर (D) सियार

23. मृत हाथी को देखकर सिंह उसे खाने आया तो सियार ने क्या कहा ?

(A) शिकारी ने इसे मारा (B) बाघ ने मारा है

(C) बन्दर ने मारा है (D) इनमें से कोई नहीं

24. उत्तम प्रयत्न के बाद मृत हाथी को बहुत दिन तक कौन खाया ?

(A) बाघ ने (B) सियार ने



BiharboardQuestionpaper.com

(C) सिंह ने　　　　(D) काग ने

25. प्रवासी अपने भोजन से भरे पात्र को नदी किनारे रखकर कहाँ गया ?

(A) व्यायाम करने　　　　(B) शौच करने

(C) नदी में स्नान करने　　　　(D) फल तोड़ने

26. प्रवासी के भोजन को खाने के बाद बन्दर ने बकरे के साथ क्या किया ?

(A) नदी में स्नान

(B) बकरे की हत्या

(C) बकरे के मुँह में बचे हुए भोजन को लेप दिया

(D) इनमें से कोई नहीं

27. बन्दर को देखकर प्रवासी सोचा – 'बन्दर ने ही मेरे भोजन को खाया है, तब प्रवासी क्या किया ?

(A) बन्दर को प्रणाम किया　　　　(B) बन्दर से भोजन माँगा

(C) बन्दर को डंडे से मार गिराया　　　　(D) इनमें से कोई नहीं

28. पाप कर्म का फल किसको मिला ?

(A) प्रवासी को　　　　(B) बन्दर को

(C) बकरे को　　　　(D) हिरण को

29. 'पावकमस्स फलं' नामक पाठ की भाषा क्या है ?

(A) अर्धमागधी प्राकृत　　　　(B) शौरसेनी प्राकृत

(C) प्राचीन महाराष्ट्री प्राकृत　　　　(D) मागधी प्राकृत

30. 'निद्धणो वणिओ' पाठ की भाषा क्या है ?

(A) अर्धमागधी प्राकृत　　　　(B) शौरसेनी प्राकृत



BiharboardQuestionpaper.com

(C) प्राचीन महाराष्ट्री प्राकृत (D) मागधी प्राकृत

31. निर्धन बनिया किस कार्य हेतु इधर–उधर घूम रहा था ?

(A) कपड़ा बेचने के लिए (B) खाने के लिए

(C) धनोपार्जन हेतु (D) सोने हेतु

32. निर्धन बनिया ने स्वप्न में क्या देखा ?

(A) स्वर्ण दीनार से भरा हंडा (B) गाय का झुंड

(C) बकरी का झुंड (D) रूपयों की थैली

33. योगी ने निर्धन बनिया से क्या माँगा ?

(A) रूपयों की थैली (B) एक अंजली दीनार

(C) अशीर्वाद (D) एक एकड़ जमीन

34. यह कथन किसका है कि – ''भूमि में का धन राज्य की सम्पत्ति है'' ?

(A) योगी का (B) राजा का

(C) निर्धन बनिया का (D) सिपाही का

35. जूते युक्त पाँव से बनिया के उपर किसने प्रहार किया ?

(A) योगी ने (B) राजा ने

(C) मंत्री ने (D) सिपाही ने

36. 'मज्झ–रत्तीए' शब्द का हिन्दी अनुवाद क्या होगा ?

(A) मध्य भाग में (B) मझधार में

(C) मध्यम वर्ग में (D) मध्यरात्रि में

37. 'पभाय काले' का हिन्दी अनुवाद क्या होगा ?

(A) प्रभाव से (B) प्रभा से



BiharboardQuestionpaper.com

(C) प्रकाश से (D) प्रातः काल में

38. अमांगलिक पुरुष के सम्बन्ध में लोगों की क्या धारणा थी ?

(A) उसके मुँह देखने से कार्य सम्पन्न होंगे

(B) कार्य सम्पन्न नहीं होनेवाला दर्शन

(C) दोनों (A) तथा (B)

(D) इनमें से कोई नहीं

39. अमांगलिक पुरुष को बध का आदेश किसने दिया ?

(A) मंत्री ने (B) राजा ने

(C) सिपाही ने (D) चाण्डाल ने

40. राजा ने पारितोषिक किसे दिया ?

(A) चाण्डाल को (B) सिपाही को

(C) अमांगलिक पुरूष को (D) इनमें से कोई नहीं

41. ग्रामीण सूखी लकड़ियों को बेचकर क्या खरीदता था ?

(A) दवा (B) कपड़ा

(C) गहना (D) मधु, सर्पि और सालि

42. शिकारी वन में आकर क्या किया ?

(A) लकड़ी काटने लगा (B) बाघ को मारा

(C) मृग के मिथुन में से एक को मार दिया (D) काग को मारा

43. ग्रामीण द्वारा शिकारी को क्या शिक्षा दी गई ?

(A) दया धर्म है (B) चोरी करना पाप है

(C) हिंसा करनी चाहिए (D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

44. वन में शिकारी क्या फेंक दिया ?

(A) भाला
(B) बन्दूक
(C) धनुष–वाण
(D) तलवार

45. 'गामिल्लओ सागडिओ' का अर्थ क्या होता है ?

(A) ग्रामीण के साथ
(B) ग्रामवन
(C) ग्रामीण गाड़ीवान
(D) इनमें से कोई नहीं

46. जितशत्रु राजा के नगरी का क्या नाम था ?

(A) उज्जैनी
(B) काशी
(C) चम्पानगरी
(D) लंका नगरी

47. सागरचन्द्र क्या था ?

(A) राजा
(B) सेवक
(C) व्यापारी
(D) सैनिक

48. चन्द्रश्री किसकी पत्नी थी ?

(A) धनसार्थवाह की
(B) जितशत्रु राजा की
(C) अगड़दत्त की
(D) इनमें कोई नहीं

49. धनश्री किसकी पत्नी थी ?

(A) धनसार्थवाह की
(B) जितशत्रु राजा की
(C) अगड़दत्त की
(D) इनमें से कोई नहीं

50. समुद्रदत्त ने अपना नाम बदलकर क्या रखा ?

(A) विनीयक
(B) अगड़दत्त



BiharboardQuestionpaper.com

(C) भविष्यदत्त (D) बन्धुदत्त

51. समुद्रदत्त विवाह करना क्यों नहीं चाहता था ?

(A) पिता के आदेशानुसार (B) माता के आदेशानुसार

(C) स्त्रियों पर विश्वास नहीं था (D) वह साधु बनना चाहता था

52. समुद्रदत्त अपना नाम बदलकर धनश्री के यहाँ क्यों नौकरी करने लगा ?

(A) वह प्रेम में पागल था (B) धनश्री के शील परीक्षा हेतु

(C) दोनों (A) तथा (B) (D) इनमें से कोई नहीं

53. दारोगा किससे एक पक्षीय प्रेम करता था ?

(A) चन्द्रश्री से (B) भविष्यरूपा से

(C) नागस्वरूपा से (D) धनश्री से

54. धनश्री अपने छत पर से पान का पीक फेंकी, वह कहाँ गिरा ?

(A) पड़ोसी के मकान पर (B) दारोगा पर

(C) राजा पर (D) विनीयक पर

55. दारोगा की हत्या किसने की ?

(A) समुद्र दत्त ने (B) विनीयक ने

(C) धनश्री ने (D) धनश्री के पिता ने

56. दारोगा के शव को किसने दफनाया ?

(A) समुद्रदत्त ने (B) विनीयक ने

(C) धनश्री ने (D) धनश्री के पिता ने

57. 'अगर तूने भी ऐसा काम किया तो तुझे भी मार डालूँगी' – विनीयक से किसने कहा ?

(A) समुद्रदत्त ने (B) अगड़दत्त ने



BiharboardQuestionpaper.com

(C) धनश्री ने (D) धनश्री के पिता ने

58. 'दसदिसिपयासो' का हिन्दी अनुवाद क्या होगा ?

(A) दसों दिशा में प्रकाश (B) दस दिशा

(C) दशों दिशाओं में प्रशंसित (D) इनमें से कोई नहीं

59. 'भारियासील परिक्खा' पाठ कहाँ से संग्रहित है ?

(A) सूत्रकृतांग से (B) वसुनन्दि श्रावकाचार से

(C) वसुदेवहिण्डी से (D) इनमें से कोई नहीं

60. 'भारियासील परिक्खा' पाठ की भाषा क्या है ?

(A) अर्धमागधी प्राकृत (B) मागधी प्राकृत

(C) शौरसेनी प्राकृत (D) प्राचीन महाराष्ट्री प्राकृत

61. चामुण्डराजा भगवान बाहुबली के प्रतिमा को कहाँ स्थापित किया था ?

(A) भागलपुर में (B) जयपुर में

(C) जोधपुर में (D) श्रवणवेलगोला में

62. भगवान बाहुबली की कैसी प्रतिमा थी ?

(A) मिट्टी की प्रतिमा (B) अबरख प्रतिमा

(C) पाषाण प्रतिमा (D) इनमें से कोई नहीं

63. भरत चक्रवर्ती बाहुबली के कौन थे ?

(A) बड़े भाई (B) मांझिल भाई

(C) छोटे भाई (D) इनमें से कोई नहीं

64. बाहुबली का युद्ध किसके साथ हुआ था ?

(A) राजा से (B) दास से



BiharboardQuestionpaper.com

(C) भरत चक्रवर्ती से (D) सेनापति से

65. श्रवणवेलगोला किस राज्य में अवस्थित है ?

(A) बिहार में (B) उड़ीसा में

(C) कर्नाटक में (D) वर्मा में

66. ''भयवं बाहुबली' पाठ की भाषा क्या है ?

(A) अर्धमागधी (B) मागधी

(C) शौरसेनी (D) प्राचीन महाराष्ट्री

67. 'भयवं बाहुबली' किस ग्रन्थ से अवतरित है ?

(A) आचारांग (B) सूत्रकृतांग

(C) उवासक दशा (D) उत्तराध्ययन

68. 'अगड़दत्त चरियं' के रचनाकार कौन हैं ?

(A) हरिभद्र (B) हेमचन्द्र

(C) रामपाणिवाद (D) देवेन्द्र गणि

69. 'अरणस्स सोहा' का हिन्दी अनुवाद क्या होगा ?

(A) आरा की शोभा (B) जंगल की शोभा

(C) आकाश की शोभा (D) इनमें से कोई नहीं

70. कृषक के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण ऋतु कौन है ?

(A) वसन्त (B) गीष्म

(C) वर्षा (D) शिशिर

71. सोमदत्त अपनी कला की प्रशंसा हेतु किसकी मूर्त्ति बनवायी ?

(A) शिव की (B) भगवान राम की



BiharboardQuestionpaper.com

(C) पार्वती की (D) गणेश जी की

72. गणेश जी के प्रतिमा के निचले भाग में किसका नाम लिखा गया था ?

(A) इन्द्रदत्त की (B) सोमदत्त की

(C) दोनों अर्थात् (A) तथा (B) की (D) इनमें से कोई नहीं

73. यह उक्ति किसकी है कि – 'मेरे समान दूसरा कोई नहीं है' ?

(A) इन्द्रदत्त की (B) सोमदत्त की

(C) दोनों अर्थात् (A) तथा (B) की (D) इनमें से कोई नहीं

74. ब्राह्मण के पास वेदान्त सीखने कितने छात्र गये ?

(A) 01 (B) 02

(C) 03 (D) 04

75. कृष्ण चतुर्दशी के दिन छात्रों द्वारा किसकी हत्या करनी थी ?

(A) ब्राह्मण की (B) काले बकरे की

(C) श्वेत बकरे की (D) इनमें से कोई नहीं

76. सोनार की दुकान कहाँ अवस्थित थी ?

(A) राज मार्ग पर (B) पर्वत पर

(C) जंगल में (D) अपने घर में

77. सोनार की पत्नी किसकी परीक्षा लेना चाहती थी ?

(A) चोर की (B) अपने भाई की

(C) अपने पति की (D) राजा की

78. सोनार को नंगा कर लूटने वाली महिला कौन थी ?

(A) सोनार की बहन (B) सोनार की चाची



BiharboardQuestionpaper.com

(C) सोनार की दासी

(D) सोनार की पत्नी

79. रूपयों से भरी थैली को दोनों भाइयों ने क्या किया ?

(A) साधु को दे दिया

(B) नदी में बहा दिया

(C) दासी को दे दिया

(D) माता को दे दिया

80. दोनों भाइयों की माँ की हत्या किसने की ?

(A) राजा ने

(B) चोर ने

(C) भाई ने

(D) दासी ने

81. किसी भी भाषा की मूल ध्वनियों तथा उनकी आकृतियों अथवा चिन्हों को क्या कहते हैं?

(A) ध्वनि परिवर्तन

(B) वर्ण

(C) शब्द

(D) वाक्य

82. एक से अधिक वर्णों के मेल से बनता है –

(A) वर्ण

(B) शब्द

(C) वाक्य

(D) संदर्भ

83. एक से अधिक शब्दों के मेल से बनता है –

(A) ध्वनि

(B) अर्थ

(C) वाक्य

(D) संदर्भ

84. एक से अधिक वाक्य से बनता है –

(A) शाब्दिक अर्थ

(B) वाक्य

(C) संदर्भ

(D) इनमें से कोई नहीं

85. वर्ण कितने प्रकार के होते हैं ?

(A) 02

(B) 03



BiharboardQuestionpaper.com

(C) 04 (D) 05

86. प्राकृत व्याकरण के नियमानुसार सन्धि के कितने भेद माने गये हैं ?

(A) 02 (B) 03

(C) 04 (D) 05

87. प्राकृत व्याकरण के अनुसार कारक के कितने भेद होते हैं ?

(A) 02 (B) 03

(C) 04 (D) 06

88. प्राकृत में कितने वचन होते हैं ?

(A) 02 (B) 03

(C) 04 (D) इनमें से कोई नहीं

89. करण कारक में किस विभक्ति का प्रयोग होता है ?

(A) प्रथमा (B) द्वितीया

(C) तृतीया (D) इनमें से कोई नहीं

90. 'देवस्स' शब्द में किस विभक्ति का प्रयोग हुआ है ?

(A) द्वितीया (B) तृतीया

(C) चतुर्थी (D) पंचमी

91. 'सव्वत्तो' शब्द में किस विभक्ति का प्रयोग हुआ है ?

(A) द्वितीया (B) चतुर्थी

(C) पंचमी (D) षष्ठी

92. धातु रूप में किसका प्रयोग होता है ?

(A) विभक्ति का (B) प्रत्यय का



BiharboardQuestionpaper.com

(C) उपसर्ग का (D) इनमें से कोई नहीं

93. 'होहिइ' प्रत्यय का प्रयोग किस काल में होता है ?

(A) वर्तमान काल (B) भूतकाल

(C) भविष्यत्काल (D) इनमें से कोई नहीं

94. 'ज्जा' प्रत्यय चिन्ह का प्रयोग किसमें होता है ?

(A) भूतकाल में (B) वर्तमान काल में

(C) भविष्यत्काल में (D) क्रियापतिपत्ति में

95. 'विद्यालय' शब्द का प्राकृत रूपान्तरण क्या होगा ?

(A) विदालय (B) वियालय

(C) विज्जालय (D) विच्चालय

96. जिनका रूप लिंग, वचन, कारक, काल एवं पुरुष के आधार पर परिवर्त्तित होता है, उसे क्या कहते हैं ?

(A) विकारी शब्द (B) अविकारी शब्द

(C) स्वाभाविक शब्द (D) इनमें से कोई नहीं

97. 'माया य पिया य त्ति' कौन समास है ?

(A) तत्पुरुष (B) अव्ययीभाव

(C) बहुब्रीहि (D) द्वन्द्व

98. प्राकृत में विसर्ग (:) के स्थान पर क्या पाया जाता है ?

(A) (ो) ओ (B) (ा) आ

(C) (े) ए (D) (ौ) औ

99. 'नरिंदो' शब्द का सन्धि विच्छेद क्या होगा ?



BiharboardQuestionpaper.com

(A) नरि + इंदो (B) नर + इंदो

(C) नरिं + दो (D) इनमें से कोई नहीं

100. 'क्रियान्वयि कारकम्' – यह कारक की परिभाषा किस आचार्य द्वारा दी गई है ?

(A) हरिभद्र (B) पुष्पदन्त

(C) रामपाणिवाद (D) हेमचन्द्र

## खण्ड – ब

## लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 30 तक लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, किन्हीं 15 प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। 15X2=30

1. अयोध्या नगरी का सामान्य परिचय प्रस्तुत करें। 2

2. कैकेयी के हठधर्मिता का वर्णन करें। 2

3. मन्थरा की भूमिका पर प्रकाश डालें। 2

4. कौशल्या माता के त्याग का विवेचन करें। 2

5. लक्ष्मण का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करें। 2

6. सीता के सहयोग का विवेचन करें। 2

7. सीता स्वयंवर का वर्णन करें। 2

8. कंचन मृग के प्रति आकर्षण का फल सीता को क्या मिला, लिखें। 2

9. रावण–जटायु–सीता संवाद का विवेचन करें। 2

10. हनुमान जटायु संवाद का विवेचन करें। 2

11. 'बुद्धिमंतो सियालो' पाठ में वर्णित सियार की चालाकी का वर्णन करें। 2

12. प्रवासी के भोजन को खाने के बाद बन्दर ने क्या विचार किया। 2



BiharboardQuestionpaper.com

13. नदी में स्नान करने के बाद प्रवासी ने क्या किया, लिखें। 2

14. निम्नलिखित शब्दों का अर्थ लिखें :– पावकम्म, छुहा, सिग्धं, पहिओ। 2

15. 'निद्धणो वणिओ' पाठ में वर्णित योगी और बनिये के संवाद का वर्णन करें। 2

16. राज्याधिकारी द्वारा निर्धन बनिया को दण्ड क्यों दिया गया, लिखें। 2

17. यह सिद्ध करें कि निर्धन बनिया धन–पिपासु एवं लोभी था। 2

18. अमांगलिक पुरुष को राजा ने बध की आज्ञा क्यों दिया, लिखें। 2

19. ग्रामीण ने शिकारी से क्या कहा, लिखें। 2

20. समुद्रदत्त को नारी के प्रति अविश्वास क्यों हो गया था ? संक्षेप में लिखें। 2

21. दारोगा का कत्ल धनश्री द्वारा क्यों किया गया, लिखें। 2

22. गोम्मटेश्वर प्रतिमा के सम्बन्ध में संक्षिप्त विवेचन करें। 2

23. सोमदत्त ने अपनी कला की प्रशंसा अपने पिता से कराने के लिए क्या किया था ? संक्षेप में वर्णन करें। 2

24. मूर्ख कृषक कन्या के संकल्प का संक्षिप्त विवेचन करें। 2

25. सोनार की पत्नी ने सोनार के वीरता की परीक्षा कैसे ली ? संक्षेप में लिखें। 2

26. हिन्दी भाषा में अनुवाद करें :– 2

''उत्तमं पणिवाएण सूरं भेएण जोयए।

नीयमप्पपयाणेण समंबाहु बलेण य।।''

27. सन्धि और संयोग में अन्तर स्पष्ट करें। 2

28. कारक एंव विभक्ति में अन्तर स्पष्ट करें। 2

29. 'मुणि' शब्द का रूप प्रथमा, द्वितीया एवं चतुर्थी के दोनों वचनों में लिखें। 2

30. 'भू' धातु का रूप आज्ञार्थक एवं विधिलिंग के सभी पुरूषों एवं दोनों वचनों में लिखें।2



BiharboardQuestionpaper.com

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न संख्या 31 के 38 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इस कोटि के प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर दीजिए। 4X5=20

31. 'राम–रावण युद्ध' नामक पाठ से मिलने वाली शिक्षाओं पर प्रकाश डालें। 5

32. ग्रामीण के धर्मयुक्त वचन को सुनकर, शिकारी ने किस प्रकार का व्रत लिया ? लिखें।5

33. 'सिप्पिपुत्तस्स कहा' की कथावस्तु अपनी भाषा में लिखें। 5

34. रावण के साथ युद्ध करने वाले जटायु को मुक्ति कैसे मिली ? वर्णन करें। 5

35. 'अत्थो अणत्थ जुओ' पाठ का सारांश लिखें। 5

36. प्राकृत व्याकरण के अनुसार कारक की परिभाषा एवं उसके भेदों को दो उदाहरण के साथ लिखें। 5

37. 'हरि' एवं 'राया' शब्द का रूप सभी विभक्तियों एवं वचनों में लिखें। 5

38. 'हो' धातु का रूप सभी कालों, पुरूषों एवं सभी वचनों में लिखें। 5

BiharboardQuestionpaper.com



BiharboardQuestionpaper.com